Register Number

Language — Part I — HINDI — Paper I

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

I. निम्नलिखित में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 1 × 5 = 5

1) कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माहिं ।
ऐसैं घटि घटि राम हैं, दुनियाँ देखै नाहीं ॥

2) जपमाला छापै, तिलक सरै न एकौ कामु ।
मन-कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै रामु ॥

II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

3) अंधा चकाचौंध का मारा,
क्या जाने इतिहास बिचारा,
साखी हैं उनकी महिमा के सूर्य, चंद्र, भूगोल, खगोल ।
कलम, आज उनकी जय बोल ।

4) द्वीप हैं हम ।
यह नहीं है शाप । यह अपनी नियति है ।
हम नदी के पुत्र हैं । बैठे नदी के क्रोड़ में ।
वह बृहद भूखंड से हम को मिलाती है ।
और वह भूखंड अपना पितर है ।

5) इक भाषा इक जीव इक मति सब घर के लोग ।
तबै बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग ॥

III. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य का सारांश लिखिए : 1 × 15 = 15

6) पंचवटी

7) भारत गीत

8) तोड़ती पत्थर ।

[Turn over

IV. पद्य लेखन : 1 × 10 = 1

9) रहीम के तीन दोहे लिखिए ।

अथवा

10) भारत गीत कविता का पहला अनुच्छेद लिखिए ।

V. 11) निम्नलिखित में से किसी **एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 =

अ) चौपाई

आ) रोला

इ) सोरठा ।

12) निम्नलिखित में से किसी **एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 =

अ) अनुप्रास

आ) उपमा

इ) उत्प्रेक्षा ।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 1

13) नब्बे प्रतिशत रोगों का कारण दूषित जल का सेवन है ।

14) जो धरती माँ अपने लाखों पुत्रों का रक्त पी चुकी है, वह अपने एक और पुत्र का रक्त पियेगी तो को अन्तर नहीं पड़ेगा, सम्राट !

15) साधारण एक्के के घोड़े भारतीय दरिद्रता के अलबम हैं ।

16) जब मैं गाड़ी से उतरा, तो मेरा हृदय बाँसो उछल रहा था — अब अपना प्यारा घर देखूँगा — अप बालपन के प्यारे साथियों से मिलूँगा ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4 × 3 = 12

17) बम्बई में उतरकर लेखक ने क्या-क्या देखा ?

18) उपमाओं के द्वारा घोड़े की किन विशेषताओं को स्पष्ट करना चाहता है ?

19) अशोक के युद्ध लिप्सा का पता कैसे चलता है ?

20) मोर का नाम नीलकंठ क्यों रखा गया ?

21) कृत्रिम उपग्रह किसे कहते हैं ?

22) तमिल भाषा की विशेषता क्या है ?

23) पानी क्यों दूषित हुआ ?

VIII. निम्नलिखित में से किसी **एक** पाठ का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

24) अशोक

25) नीलकंठ मोर

26) गंगावारि मनोहारी ।

IX. 27) निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए : 5 × 1 = 5

'क'	'ख'
अ) सुमित्रानंदन पंत	i) दीप शिखा
आ) मैथिलीशरण गुप्त	ii) पंच परमेश्वर
इ) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला	iii) भारत गीत
ई) महादेवी वर्मा	iv) तोड़ती पत्थर
उ) मुंशी प्रेमचन्द	v) अनामिका ।

X. 28) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 4 × 2 = 8

अ) लंगोटिया यार

आ) नाक रगड़ना

इ) पानी - पानी होना

ई) प्रशंसा करना

उ) लोट-पोट होना

ऊ) सम्मान करना

ऋ) आयोजन करना

ए) प्रभाव पड़ना ।